एक नजर में

लापरवाही पर प्राध्यापक का पांच दिन का वेतन कटेगा

इंदौर: सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का समय पर निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने होलकर विज्ञान महाविद्यालय के तत्कालीन सीएम हेल्पलाइन प्रभारी एवं प्राध्यापक आरसी दीक्षित का पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। छात्र आकाश मंगरे की आवास सहायता राशि का आवेदन लंबित था। शिकायत गलत तरीके से तीन-चार बार जनजातीय कार्य विभाग को भेजी गई। -**नप्र**

झगड़े के बीचबचाव में चले चाकू, तीन घायल

इंदौर: आजाद नगर क्षेत्र में दोस्त के झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे तीन दोस्तों पर आरोपितों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना रविवार रात करीब 10 बजे इंदिरा एकता नगर मूसाखेड़ी सर्विस रोड पर हुई। घायलों में अमित उर्फ दीपक चौधरी (22), लकी चौहान (17) और शिवांश उर्फ शिवा शामिल हैं। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। -**नप्र**

क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी

- 38 पदों पर नहीं मिले योग्य उम्मीदवार, 26 अभ्यर्थी वेटिंग में
- ओबीसी आरक्षण के चलते 29 पदों का परिणाम रोका गया

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने सोमवार को क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। ओबीसी आरक्षण के चलते आयोग ने परिणाम को दो हिस्सों में निकाला है। मुख्य सूची में चयनित 117 अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं, जबकि 26 अभ्यर्थियों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। सरकारी कालेजों में क्रीड़ा अधिकारियों के 187 पद रिक्त हैं, जिनमें 53 सामान्य, 26 अनुसूचित जाति (एससी), 23 अनुसूचित जनजाति (एसटी), 62 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और 23 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के पद थे। इनमें दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए भी पद आरक्षित थे। इन पर भर्ती के लिए दो साल से प्रक्रिया चल रही है। क्रीड़ा अधिकारी पदों के लिए लिखित परीक्षा एक जून 2025 को करवाई गई। परिणाम 12 नवंबर 2025 को जारी किया गया। इसमें 398 अभ्यर्थियों को मुख्य भाग और 52 को प्रावधिक भाग में रखा गया था। करीब 10 महीने बाद चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। यह प्रक्रिया 30 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक चली। आयोग ने साक्षात्कार के करीब 45 दिन बाद अंतिम परिणाम जारी किया है। अंतिम चयन प्रक्रिया में 187 पदों में से 158 पदों को शामिल किया गया। इनमें से 117 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। परिणाम में आरक्षित पदों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति भी सामने आई है। आयोग के मुताबिक दिव्यांग श्रेणी के 23 में से 20 पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी नहीं मिले। इसी तरह एसटी श्रेणी में भी 13 पद रिक्त रह गए हैं।

मोबाइल और सीसीटीवी कैमरों से आत्महत्या के कारणों की तलाश

जांच ● सुसाइड नोट नहीं मिला, दस्तावेजों की भी जांच हुई तेज

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : पलासिया स्थित अपने आफिस में रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले बिल्डर बंटी उर्फ संदीप नागर के मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस को अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और आत्महत्या का ठोस कारण भी सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि बंटी कुछ समय से डिप्रेशन में थे। पुलिस अब आफिस के कर्मचारियों, परिचितों और आखिरी समय में उनसे संपर्क में रहे लोगों से पूछताछ करेगी। सील किए गए आफिस से मिले दस्तावेज, लैपटाप और मोबाइल की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बिल्डिंग के कैमरों के फुटेज भी निकाले हैं। बंटी ने जिस कमरे में फांसी लगाई, वहां कैमरे चालू मिले, लेकिन उनकी रिकार्डिंग नहीं मिली। आफिस में लगे दो डीवीआर में से एक में हार्डडिस्क नहीं मिली, जबकि दूसरे डीवीआर में हार्डडिस्क लगी है। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। सोमवार को बंटी का अंतिम संस्कार किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रियल एस्टेट कारोबारी और परिजन शामिल हुए। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है।

बिल्डर बंटी उर्फ संदीप नागर ● फाइल

बेटे को नहीं पता डीवीआर का पासवर्ड : टीआइ के अनुसार, गुलमोहर कालोनी निवासी बंटी नागर का शव रविवार शाम उनके बेटे ने साकेत स्थित द मार्क बिल्डिंग के चौथे माले के आफिस में देखा था। देर शाम परिजनों ने अस्पताल से पुलिस को घटना की जानकारी दी। चौथे माले पर बंटी के दो आफिस हैं और दोनों में कैमरे लगे हैं। जिस केबिन में उन्होंने फांसी लगाई, वहां लगे डीवीआर में हार्डडिस्क नहीं मिली। दूसरे आफिस के डीवीआर में हार्डडिस्क लगी है, लेकिन उसमें पासवर्ड लगा हुआ है। बंटी के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसे पासवर्ड की जानकारी नहीं है।

मोबाइल का पैटर्न लाक खोलने में जुटी पुलिस : टीआइ के अनुसार, बंटी के मोबाइल में पैटर्न लाक लगा है। पुलिस इसे 30 से ज्यादा बार खोलने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन लाक नहीं खुला। मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, तकनीकी जानकारी जुटाई जाएगी।

व्यापारियों व उद्यमियों को एक मंच पर जोड़ने की पहल

श्री परशुराम व्यापार महाकुंभ का आयोजन 25 अक्टूबर को

आयोजन की तैयारी और रूपरेखा को लेकर बैठक हुई ● सौजन्य आयोजक

इंदौर: भगवान श्री परशुराम के वंशजों तथा समाज के व्यापारियों, उद्यमियों और व्यवसायियों को एक सशक्त व्यापारिक मंच पर जोड़ने के लिए श्री परशुराम व्यापार महाकुंभ का आयोजन 25 अक्टूबर को होगा। इसकी रूपरेखा को लेकर रविवार को हुई बैठक में समाजजन ने विस्तार से चर्चा कर तिथि पर सर्वसम्मति बनाई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी संपर्क और व्यापारिक नेटवर्क मजबूत करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से व्यापारियों और उद्यमियों को साझा मंच उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। इसका प्रमुख उद्देश्य व्यापारिक संपर्क बढ़ाना, आपसी सहयोग की संभावनाएं विकसित करना और युवा उद्यमियों को नए अवसरों से जोड़ना है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारियों के बीच संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान भी बढ़ेगा। सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा और सहभागिता प्रक्रिया की जानकारी आगामी दिनों में सार्वजनिक की जाएगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचे जनप्रतिनिधि

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे मंत्री सिलावट ● नईदुनिया

डबलचौकी: सेवा संकल्प अभियान के तहत जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पौधारोपण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं के सम्मान जैसे आयोजन हुए। लसूड़िया मोरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सहभागिता की।

बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और एनीमिया मुक्त भारत अभियान की तैयारी को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारी समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 6 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इसके बाद 9 अक्टूबर को मापअप राउंड आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने दोनों अभियानों के लिए विभागों के बीच समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने स्कूलों में बच्चों के लिए पर्याप्त मात्रा में आयरन की गोलियां उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पिलाई जाने वाली आयरन सिरप की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को घर पर पिलाने के लिए भी सिरप पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को अभियान के दौरान बच्चों तक दवाओं की पहुंच और वितरण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इंटरनेट मीडिया पर मित्रता कर महिला से ठगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : इंटरनेट मीडिया पर मित्र बनकर एक महिला से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपित ने खुद को लंदन से भारत आया बताया और महिला को महंगे गिफ्ट देने का झांसा दिया। बाद में कस्टम्स और दिल्ली पुलिस का डर दिखाकर पहले 47 हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। इसके बाद महिला का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 55 हजार रुपये और ऐंठ लिए। आरोपित ने महिला से कुल एक लाख दो हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। पीड़िता की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार एरोड्रम निवासी सलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने खुद को इंटरनेट मीडिया पर उनका मित्र बताया और कहा कि वह लंदन से दिल्ली आया है। उसने महिला के लिए महंगे गिफ्ट लाने की बात कही।

वीडियो बहुप्रसारित करने की धमकी देकर झांसे में लिया

झांसे में आकर पीड़िता ने आरोपित के भेजे क्यूआर कोड पर पहले दो हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद 45 हजार रुपये और भेज दिए। अगले दिन आरोपित ने दोबारा काल किया, लेकिन पीड़िता ने काल नहीं उठाया। इसके बाद उसने दूसरे नंबर से फोन कर पैसे मांगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपित ने वीडियो बहुप्रसारित करने की धमकी दी। परेशान महिला ने पुलिस से शिकायत की।

मालवा-निमाड़

जिस जिले से प्रदेश रोशन, वहां नौ लाख के बकाये पर तीन महीने से पूरा गांव अंधेरे में

अंधेरा ● खजूरी का मामला, 65 कनेक्शनधारियों पर बकाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवा : मध्य प्रदेश को रोशन करने के लिए खंडवा की बड़ी भूमिका है। जिले में हाईड्रो, थर्मल और सोलर परियोजनाओं से हजारों मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इसके बावजूद छैगांवमाखन जनपद के खजूरी गांव के ग्रामीण तीन महीने से बिजली के कृत्रिम संकट से जूझ रहे हैं। गांव पर करीब नौ लाख रुपये का बिजली बिल बकाया होने के कारण विद्युत वितरण कंपनी ने पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर रखी है। इससे घरों के साथ खेतों की बिजली भी बंद है और ग्रामीणों की दिनचर्या तथा खेती का काम प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार करीब तीन महीने पहले गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इसके बाद ट्रांसफार्मर सुधारने के बजाय विद्युत कंपनी ने बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए ग्रामीणों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

ग्रामीण विनोद चौहान का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया है, उनके कनेक्शन अलग-अलग काटे जाने चाहिए। पूरे गांव की बिजली बंद करने से नियमित बिल जमा करने वाले उपभोक्ता भी परेशान हो रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने नियमित रूप से बिजली बिल जमा किया है।

जिले में बिजली उत्पादन की स्थिति

परियोजना	क्षमता
इंदिरा सागर पावर स्टेशन (हाइड्रो)	1000 मेगावाट
ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (हाइड्रो)	520 मेगावाट
संत सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना	2520 मेगावाट
एनएचडीसी फ्लोटिंग सोलर, प्रथम चरण	88 मेगावाट
एएमपी एनर्जी फ्लोटिंग सोलर	100 मेगावाट
एसजेवीएन फ्लोटिंग सोलर	90 मेगावाट
कुल क्षमता	**4318 मेगावाट**

70 कनेक्शन, सिर्फ पांच नियमित बिल जमा करते हैं : लाइनमैन शिवनारायण कुशवाह के अनुसार गांव में करीब 70 बिजली कनेक्शन हैं। इनमें केवल पांच परिवार नियमित रूप से बिजली बिल जमा करते हैं, जबकि करीब 65 उपभोक्ताओं पर कुल लगभग नौ लाख रुपये की राशि बकाया है। कई उपभोक्ताओं पर करीब 40 हजार रुपये तक का बिल बकाया बताया गया है।

> जिले में करीब 35 करोड़ रुपये विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाया हैं। इसकी वसूली लक्ष्य मिला है। अभी तक मात्र 19 करोड़ की वसूली हुई है। लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं और गांवों में कनेशक्शन काटने के साथ ही ट्रांसफार्मर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं हों, इसका ध्यान रखा जाता है। **-दिलीप बुके, अधीक्षण यंत्री पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी खंडवा**

60 क्विंटल गांजे के 15 हजार से अधिक पौधे जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोन : नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन 'प्रहार' के तहत पुलिस को अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चैनपुर थाना क्षेत्र के नो मोबाइल नेटवर्क एरिया (शेडो एरिया) में दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गांजे के कुल 15 हजार पौधे जब्त किए हैं। जब्त पौधों का वजन करीब 60 क्विंटल बताया गया है।

एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम जामली और ग्राम गुवाड़ा ठाटा फलिया क्षेत्र में कुछ लोग खेतों में अवैध गांजे की खेती कर रखी है। पुलिस टीम ने आधुनिक ड्रोन कैमरों से खेतों की मैपिंग की और कई किलोमीटर का कठिन रास्ता तय कर दबिश दी। दुर्गम इलाकों में स्थित खेतों से कुल 15 हजार 191 गांजे के पौधे वजन 5,974 किलोग्राम यानी लगभग 59.74 क्विंटल) उखाड़कर जब्त करने में पुलिसकर्मियों को कई घंटों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही थी गांजे की खेती ● सौजन्य-पुलिस विभाग

देवास जिला लगातार 13वीं बार प्रदेश में प्रथम

नप्र, देवास : पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के आयोजन में देवास जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 13वीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने जिला अध्यक्ष डा. रायसिंह सेंधव का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष सेंधव ने बताया कि जिलेभर में संगठनात्मक सक्रियता, कार्यकर्ताओं से संवाद तथा प्रत्येक बूथ तक कार्यक्रम की प्रभावी पहुंच के प्रयासों का यह परिणाम है।

देवास के 'जाब पोर्टल' को मिला स्काच गोल्ड अवार्ड

नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास : जिले में रोजगार के क्षेत्र में शुरू किए गए अभिनव नवाचार 'देवास जाब पोर्टल' ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस डिजिटल पहल को नई दिल्ली के इंडियन हेबिटेट सेंटर में 26 सितंबर को आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित स्काच अवार्ड-गोल्ड कैटेगरी से सम्मानित किया गया है।

संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख ने स्काच के चेयरमेन समीर कोचर से यह सम्मान प्राप्त किया था।

'देवास जाब पोर्टल' की शुरुआत कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने अक्टूबर 2025 में युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलवाने के उद्देश्य से की थी। 14 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने विधिवत शुभारंभ किया। सितंबर 2026 तक इसमें 12,600 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया है।

फॉर्म-जी
रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण हेतु
आईशेप एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड
देवास, मध्य प्रदेश में मेटल शीट से बने उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग, फैब्रिकेशन और ट्रेडिंग में कार्यरत
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

प्रासंगिक विवरण

1.	पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट ऋणदाता का नाम	**आईशेप एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड** सीन: U74999MP2017PTC043877 पैन: AAECI6059E
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	1/6 न्यू पलासिया कार्यालय संख्या 203 पश्चिमी, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत -452001
3.	वेबसाइट का यूआरएल	संचालन में नहीं है।
4.	उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है	शीतल कूलर्स, गांव कलुखेदी, पटवारी हल्का नंबर 19, तहसील और जिला देवास, मध्य प्रदेश - 455001
5.	कॉर्पोरेट ऋणदाता के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	एनए
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	एनए
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	शून्य
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं:-	सीडी के वित्तीय विवरण और अन्य विवरण cirp.ishape@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त किए जा सकते हैं लेनदारों की सूची आईबीबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है:	पात्रता मानदंड का उल्लेख अभिरुचि की विस्तृत अभिव्यक्ति में किया गया है जिसे cirp.ishape@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है
10.	रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	29-सितंबर-26
11.	संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	09-अक्टूबर-26
12.	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	14-अक्टूबर-26
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख	24-अक्टूबर-26
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख	26-अक्टूबर-26
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	25-नवंबर-26
16.	रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया	cirp.ishape@gmail.com
17.	एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण	हाँ -UDYAM-MP-23-0031331 - Micro

नोट- सीआईआरपी अवधि 27 अक्टूबर 2026 को समाप्त हो रही है और ऊपर उल्लिखित समय-सीमाएं माननीय एनसीएलटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले विस्तार के अधीन हैं।

कृते आईशेप एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ताक्षरित/-
प्रभात जैन
समाधान पेशेवर
IBBI रजिट्रेशन सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02233/2020-2021/13480
AFA 30.06.2027 तक वैधता
पंजीकृत पताः एलआईजी 212, ई-7 अरेरा कॉलोनी, यूनियन बैंक के पास, स्टॉप नंबर 11, भोपाल, म.प्र., 462016
संचारित पताः 15 तापती अपार्टमेंट, रोशनपुरा चौराहा, भोपाल म.प्र. 462003

तिथि: 28.09.2026
स्थान: भोपाल

नशा तस्करों की 3.78 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम: अवैध कमाई से अर्जित नशा तस्करों की संपत्तियों पर शिकंजा कसते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा और बिलपांक पुलिस द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर सफेमा/एनडीपीएस न्यायालय सक्षम प्राधिकारी मुंबई ने दो अलग-अलग प्रकरणों में करीब 3.78 करोड़ रुपये की संपत्तियों के फ्रीजिंग आदेशों की पुष्टि की है।

जावरा औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने 29 जून 2017 को रईस खान मेवाती निवासी ग्राम उमटपालिया को गिरफ्तार कर 1623.300 किलो डोडाचूरा जब्त किया था। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस जावरा ने उसे 15 वर्ष के सश्रम कारावास और 1.50 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। रईस करीब 10 से 15 वर्षों से मध्य प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में तस्करी में लिप्त रहा। 22 अगस्त को जारी फ्रीजिंग आदेश के बाद सक्षम प्राधिकारी ने उमटपालिया स्थित तीन कृषि भूमियों की करीब 48 लाख रुपये की संपत्ति की फ्रीजिंग की पुष्टि की।

इनमें सर्वे नंबर 102126/1/1/1, 102126/1/1/2 और 102126/2/1 की कृषि भूमि शामिल है।

25 रुपये ज्यादा मांगे, खाद विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

नप्र, रतलाम : उर्वरक की निर्धारित दर से अधिक राशि मांगना नामली के एक खाद विक्रेता को भारी पड़ गया। कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए मेसर्स राठौर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर, नामली का उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिया है। लाइसेंस अथारिटी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भगवान सिंह अर्गल ने यह कार्रवाई की है। विभाग के अनुसार महू-नीमच रोड, नामली स्थित प्रतिष्ठान द्वारा नामली निवासी पवनजाट से उर्वरक की निर्धारित दर से 25 रुपये अधिक राशि की मांग की गई थी। विभाग ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है। मेसर्स राठौर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर का उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

गैंगस्टर का पोस्टर लहराने वाला युवक गिरफ्तार

नप्र, बड़वानी : अंजड़ में गणेशोत्सव समापन के अवसर पर निकाले गए धार्मिक झांकी चल समारोह के दौरान शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले अराजक तत्व के विरुद्ध अंजड़ पुलिस ने कार्रवाई की है। 26 सितंबर को अंजड़ में गणेशोत्सव के समापन पर झांकियों के दौरान साजिद उर्फ गोल्डी मंसूरी निवासी गांधी मार्ग, अंजड़ द्वारा गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के पोस्टर का प्रदर्शन कर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तर्पण

पिता ने जीवनशैली से किया हमारा व्यक्तित्व निर्माण

मध्य प्रदेश में मालवा के परमार राजवंश से संबंधित महाराज हेमेंद्र सिंह परमार (पिता) ने 14 वर्ष की आयु में अपने पिता को खो दिया था। इसके पश्चात उन्होंने न सिर्फ अपने व्यक्तित्व का निर्माण स्वयं किया, वरन पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के साथ, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी स्वयं को स्थापित किया। राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के बाद चतुर्दिक सक्रियता के फलस्वरूप समाज, विशेषकर भाटखेड़ा एवं नरसिहगढ के लोगों को नवीन दिशा देने का प्रयास किया। उनके निर्णय कभी किसी से प्रभावित नहीं होते थे। उनका स्वयं का स्वतंत्र चिंतन होता था। अनुशासन, नेतृत्वशीलता, दृढ़ वैचारिकता, संस्कारनिष्ठा, परमार्थ एवं ईमानदारी उनका विशिष्ट गुण था। उन्होंने पास बैठाकर कुछ नहीं सिखाया, किंतु उनकी प्रेरक, प्रामाणिक जीवनशैली ने हम सब कुल-कुटुंब सदस्यों के व्यक्तित्व निर्माण में अप्रतिम योगदान किया। इसकी अनुभूति हम सभी को अब होती है। जब कोई आपको देखने और टोकने वाला नहीं हो, तब आपका आचरण कैसा होना चाहिए, यही उनका जीवन दर्शन था। दाता आपको शत-शत नमन!

हेमेंद्र सिंह परमार

उदयलक्ष्मी सिंह, जज, जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

पिता का दिया संस्कार और सीख आज भी है साथ

पिता जी को खोने के बाद समझ में आया कि उनका होना हमारे जीवन में कितना बड़ा सहारा था। आज पितृपक्ष में जब उनके नाम से जल अर्पित होता है तो आंखों के सामने उनकी मुस्कुराती तस्वीर और बातें जीवंत हो उठती हैं। अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी, ओलिंपियन एवं पद्म भूषण से सम्मानित पिता मेजर ध्यानचन्द ने हमेशा सिखाया कि जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों, सच्चाई का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा था कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और किसी जरूरतमंद की मदद करने से बड़ा कोई धर्म नहीं। उनकी यही सीख आज भी मेरे हर फैसले में मेरा मार्गदर्शन करती है। बचपन में उनकी डांट कई बार कठोर लगती थी, लेकिन अब समझ आता है कि उसमें भी मेरे बेहतर भविष्य की चिंता छिपी होती थी। यही कारण रहा कि हमारे सभी भाइयों ने खेल करियर में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया और परिवार पर कभी दाग नहीं लगने दिया। उन्होंने हमें केवल पढ़ाया-लिखाया नहीं, बल्कि रिश्तों की कद्र, बड़ों का सम्मान और छोटे के प्रति स्नेह करना भी सिखाया। आज तर्पण करते हुए लगता है कि पिता कहीं गए नहीं हैं। उनका दिया संस्कार, उनकी सीख और उनका आशीर्वाद मेरे साथ है। जल की यह छोटी-सी अंजलि उनके प्रति मेरे उस ऋण को चुकाने का प्रयास है, जिसे कोई संतान कभी पूरी तरह चुका नहीं सकती।

पत्नी जानकी देवी के साथ मेजर ध्यानचन्द

अशोक कुमार, ओलिंपियन, हाकी खिलाड़ी और अर्जुन अवार्डी (झांसी)

दादा ने दी जमीन से जुड़े रहने की सीख

सेवा करना मैंने दादा (पिता स्वर्गीय ईश्वर दास रोहाणी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष) से सीखा। सेवा वो अनमोल मोती है, जिसे मैंने विरासत में पाया। हर व्यक्ति में ईश्वर का वास है, हर नर में नारायण है, इन भावों के साथ दादा ने अपना पूरा जीवन जनसेवा में समर्पित किया। दूसरों के दुख में अपना दुख महसूस करना, दूसरों को खुशी प्रदान करना ये दादा के स्वभाव की विशेषता थी। जनसेवा के लिए दादा मुझे जो जिम्मेदारी संजोने की दे गए थे, उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहा हूं। मैंने उनसे ही सीखा कि जीवन में जो भी दायित्व मिले, उसे पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।

ईश्वर दास रोहाणी

अशोक रोहाणी (विधायक कैंट विधानसभा), जबलपुर

उनकी स्मृतियों व संस्कार सदैव करते रहेंगे मार्गदर्शन

इंदौर: मेरे पिता स्व. एसएल उकास ख्यात अभिभाषक थे। वे सामाजिक क्षेत्र में सेवा के लिए पहचाने जाते हैं। उनके हमसे बिछड़े 14 वर्ष हो गए हैं। मेरी माता शैलजा उकास का निधन छह वर्ष पहले हुआ था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परिवार को समर्पित किया। उनकी सबसे बड़ी विरासत उनके संस्कार थे। उनके जीवन का ध्येय बड़ों का सम्मान, छोटे से स्नेह और जरूरतमंद की सेवा करना है। उनकी स्मृतियां और संस्कार सदैव हमारे जीवन का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

एसएल उकास एवं शैलजा उकास

अजय शंकर उकास, प्रकृति कालोनी

नेक कार्य में किए खर्च की पूर्ति ईश्वर करता

मेरे पिताजी स्व. भंवरलाल जैन ने मुझे एक ही बात कही थी- 'सदा मन का सच्चा रहना।' जब मैं अपने पैतृक निवास को छोड़कर इंदौर आकर रहने को लेकर मन में घबराहट महसूस कर रहा था, तब उन्होंने कहा था कि 'हमेशा ईमानदारी से काम करोगे, तो किसी से घबराने की जरूरत नहीं रहेगी।' लोगों की मदद करने की भावना उनमें थी। वे कहा करते थे कि 'नेक कार्य में किए खर्च की पूर्ति ईश्वर करता है।'

भंवरलाल जैन

राजेश जैन युवा, यशवंत निवास रोड

श्रद्धा और आस्था के इस पावन पर्व पर आइए अपने पूर्वजों का स्मरण करें। अगर आप भी उनकी स्मृतियों को संजोना चाहते हैं, तो हमें लिख भेजें:

9425074124 ramkrashna.mule@naidunia.com

अधिकतम 100 शब्दों में पूर्वजों के संस्मरण के साथ फोटो और अपना परिचय भी।

फॉर्म जी हेतु परिशिष्ट

[आईबीबीआई (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए के अंतर्गत]

आईशेप अप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएन: U74999MP2017PTC043877
देवास, मध्य प्रदेश में मेटल शीट आधारित उत्पादों के निर्माण एवं फेब्रिकेशन और ट्रेडिंग के क्षेत्र में कार्यरत

यह परिशिष्ट 29.09.2026 को प्रकाशित फॉर्म जी में अभिरुचि की अभिव्यक्ति के संबंध में जारी किया जा रहा है, जिसमें उक्त फॉर्म जी के नीचे उल्लिखित क्रम संख्याओं के सामने निर्धारित समय-सीमाओं को संशोधित किया गया है:

प्रासंगिक विवरण		
10	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	09-अक्टूबर-26
11	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	19-अक्टूबर-26
12	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	24-अक्टूबर-26
13	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	03-नवंबर-26
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध (आरएफआरपी) जारी करने की तिथि	06-नवंबर-26
15	समाधान योजनाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	06-दिसंबर-26

नोट: 29.09.2026 के फॉर्म जी की अन्य सभी सामग्रियां यथावत रहेंगी। सीआईआरपी अवधि 27 अक्टूबर 2026 को समाप्त हो रही है और माननीय एनसीएलटी द्वारा दी जाने वाली स्वीकृति के अधीन उपर्युक्त समय-सीमाएं निर्धारित हैं।

कृते आईशेप अप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
प्रभात जैन
रेजोल्यूशन प्रोफेशनल
आईबीबीआई पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-02233/2020-2021/13480
एएफए (AFA) 30.06.2027 तक वैध
पंजीकृत पता: एलआईजी 212, ई-7 अरेरा कॉलोनी, यूनियन बैंक के पास, स्टॉप नंबर 11, भोपाल, म.प्र., 462016
पत्राचार का पता: 15 ताप्ती अपार्टमेंट, रोशनपुरा स्क्वायर, भोपाल म.प्र. 462003
दिनांक: 01, अक्टूबर, 26
स्थान: भोपाल

सप्तमी तिथि की बढ़ोतरी से बदला अष्टमी और नवमी का क्रम

रामकृष्ण मुले • नईदुनिया

इंदौर: शहरभर में नवरात्र उत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। नौ दिनों में होने वाले विशेष शृंगार और अनुष्ठानों की रूपरेखा तय हो गई है। गली, मोहल्लों और कालोनियों में दुर्गा महोत्सव समितियों भी तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। 11 से 19 अक्टूबर तक शक्ति की उपासना होगी और 20 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। ज्योतिर्विदों द्वारा घट स्थापना को अभिजित मुहूर्त में करना श्रेयस्कर बताया जा रहा है। पद्म योग के साथ गुरु के उच्च राशि कर्क में स्थित होने से मंगलकारी 'काहल' योग बनेगा, जो साधना में सफलता प्रदान करने वाला है। श्रवण नक्षत्र युक्त अपराह्न व्यापिनी विजयादशमी पर शमी पूजन किया जाएगा। माता का आगमन हाथी पर होगा, जिसे ज्योतिष गणना में समृद्धि दायक बताया गया है।

- नवरात्र: पद्म योग के साथ उच्च राशि में स्थित गुरु से बनेगा मंगलकारी काहल योग
- श्रवण नक्षत्र युक्त अपराह्न व्यापिनी विजयादशमी पर शमी पूजन और रावण दहन होगा

800 से अधिक स्थानों पर होगी मूर्ति स्थापना

600 जगह होगा गरबा रास का आयोजन

1200 मूर्तियां तीन से लेकर 21 फीट तक बनाई जा रही

250 से अधिक कारीगर दे रहे आकार

पंचांगों के अनुसार महाष्टमी और महानवमी 19 अक्टूबर को रहेगी

मध्य प्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक ने बताया कि चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग के चलते अभिजित मुहूर्त सुबह 11.44 से 12.31 बजे तक रहेगा। चित्रा पक्षीय अयनांश आधारित पंचांगों ने नवरात्र में सप्तमी तिथि की वृद्धि बताई है। यह 17 अक्टूबर शनिवार से 18 अक्टूबर रविवार को सुबह 6.29 बजे तक रहेगी। पंचांगों ने महाष्टमी और महानवमी का पर्व 19 अक्टूबर (सोमवार) को बताया है। हालांकि कुछ पंचांगकर्ताओं ने 18 अक्टूबर रविवार को महाष्टमी और 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी का पर्व बताया है। आचार्य शिवप्रसाद तिवारी के अनुसार 20 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 12.49 बजे तक दुर्गा नवमी का बलिदान होगा।

बंगाली कालोनी चौराहे पर माता के स्वरूप को आकार देता कलाकार। • राजू पवार

सनातन संस्कृति में नारी शक्ति के सम्मान का पर्व

ज्योतिर्विद विनायक शास्त्री के अनुसार वर्ष में चार नवरात्र आते हैं। इसमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्र हैं। गुप्त नवरात्र में माता की गुप्त साधना की प्रधानता होती है। शारदीय नवरात्र सनातन संस्कृति में नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक पर्व है। इसमें मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। पहले दिन कलश स्थापना कर देवी आवाहन किया जाता है। इसे शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। शक्ति की आराधना के साथ गरबों का उल्लास समाहित है।

संवैधानिक आरक्षण की मांग आज जुटेगा बंजारा समाज

बंजारा समाज में संवैधानिक आरक्षण की मांग को लेकर बैठक में उपस्थितजन • सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से बंजारा समाज के पदाधिकारी और समाजजन दो अक्टूबर को इंदौर में एकत्र होंगे। सकल बंजारा समाज मध्यप्रदेश के तत्वावधान में दो दर्जन से अधिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और समाजजन शामिल होंगे। समाजजन बंजारा समाज को संवैधानिक आरक्षण का लाभ देने की मांग करते हुए कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश के श्रीजी महाराज धर्माधिकारी संबोधित करेंगे।

समाज के नेमीचंद नायक, ममराज पवार, बबलू राठौर ने बताया कि बंजारा समाज लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में समाज को पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त एवं घुमक्कड़ जाति के अंतर्गत रखा गया है। समाज का कहना है कि इससे अंतिम पंक्ति के लोगों को शासन की योजनाओं और आरक्षण का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी को लेकर समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षण में शामिल करने की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी।

कैटर्स और वेंडर्स को दिया प्रशिक्षण

कैटर्स और वेंडर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व पदाधिकारी • सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: मध्य प्रदेश कैटर्स कमेटी की ओर से गुरुवार को शहर के एक निजी रिसोर्ट में खाद्य सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने कैटर्स, वेंडर्स और कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, किचन हाइजीन, ड्रेनेज तथा खाद्य पदार्थों के सुरक्षित रख-रखाव की जानकारी दी। मनीष स्वामी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून का उद्देश्य केवल निरीक्षण और कार्रवाई करना नहीं, बल्कि खाद्य कारोबारियों को जागरूक और प्रशिक्षित करना भी है। इंडियाज टेस्ट किचन के डायरेक्टर जयप्रकाश रावत ने कहा कि स्वादिष्ट भोजन के साथ उसकी स्वच्छता और सुरक्षित तरीके से तैयारी भी जरूरी है। कैटर्स और वेंडर्स के सवालों का अधिकारियों ने समाधान किया।

गुमशुदा

श्री अरविन्द प्रहलाद बोकिल, उम्र 73 वर्ष, मानसिक रोगी, निवासी शरद नगर, धार म.प्र., ये दिनांक 29.9.2026 को वृद्धाश्रम श्रध्दालय, धार से शाम 4 बजे कहीं निकल गए है। यदि ये किसी को दिखें या मिलें तो निम्न पते पर सम्पर्क करने की कृपा करे:

मोबाइल: 94259-67598

(1) वृद्धाश्रम धार (सूचनाकर्ता) (2) भाई 96440-96458
सरोज बोकिल, 13/2, शरद नगर, धार (म.प्र.)
रवीन्द्र बोकिल, 58/2, भोजनगर, धार (म.प्र.)



कार्यालय कलेक्टर, जिला खरगोन एवं पदेन उप सचिव
म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0030/अ-82/2025-26

क्रमांक/556/भू-अर्जन/2026 — खरगोन, दिनांक : 30.09.2026

घोषणा

(भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-19)

चूँकि, समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची-1 के कॉलम (6) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।

चूँकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में बड़वाह-धामनोद के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर योजना अन्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु तहसील महेश्वर जिला खरगोन के **ग्राम समस्तपुरा** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।

अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

अनुसूची-1

जिला	तहसील	ग्राम	अर्जित रकबा लगभग क्षेत्रफल हें. में	धारा 12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का उद्देश्य
1	2	3	4	5	6
खरगोन	महेश्वर	समस्तपुरा	9.7342	संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम इन्दौर (म.प्र.)	बड़वाह-धामनोद के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण

अनुसूची-2
(प्रभावित धारकों की सूची)

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	वर्तमान भूमि खसरा नं.	कुल रकबा (हे.में)	प्रभावित रकबा हे. में	अर्जित भूमि का प्रकार
01	02	03	04	05	06
1.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	63/1	4.8530	0.1284	सिंचित
2.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	64/1	1.8410	0.5994	सिंचित
3.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	64/2	1.8410	0.7414	सिंचित
4.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	63/2/1/1	0.6430	0.4049	सिंचित
5.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	63/2/1/2	1.5180	0.1412	सिंचित
6.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता आशादेवी पति घनश्यामदास जाति सिन्धी	54	3.7030	0.4659	सिंचित
7.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	53/3	1.1770	0.6206	सिंचित
8.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता आशादेवी पति घनश्यामदास जाति सिन्धी	52/2	3.4110	0.1990	सिंचित
9.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	53/2	1.7730	0.1749	सिंचित
10.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	51/4	0.3390	0.0113	सिंचित
11.	पद्मप्रभु इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड रियलिटी प्रायवेट लिमिटेड तर्फे अधिकृत निलेश पिता कैलाशचन्द्र गुप्ता	51/1	0.5670	0.4140	सिंचित
12.	धनंजय पिता मथुरालाल जाति कुलमी	51/2	1.7370	0.0507	सिंचित
13.	मांगीलाल पिता द्वारका जाति कुलमी, परमानंद पिता द्वारका जाति कुलमी	47/5	0.2260	0.2260	सिंचित
14.	श्रीराम मंदिर मातमूर समिति संचालक बाबुलाल पिता हिराला रमेश पिता लाल जाति कुलमी, गुलाबसिंह पिता पदमसिंह जाति राजपूत	47/2	0.7640	0.4063	सिंचित
15.	सावन पिता श्रीराम जाति कुलमी	46/6/2	1.1730	0.3398	सिंचित
16.	मोहनलाल पिता श्यामा जाति बलाई	46/8	0.6720	0.4602	सिंचित
17.	कलाबाई पति श्रीराम जाति कुलमी	46/6/1	1.1740	0.0658	सिंचित
18.	राजेन्द्र पिता मगनलाल जाति बलाई	46/3/3	0.5710	0.0711	सिंचित
19.	सुनिल पिता छगनलाल जाति बलाई	46/3/1	0.3040	0.1853	सिंचित
20.	मुरली पिता श्यामा जाति बलाई	46/4	1.0560	0.6545	सिंचित
21.	जयराम पिता राजनाथ जाति कुलमी	44/6	1.9940	0.7428	सिंचित
22.	विष्णु पिता श्रीराम जाति कुलमी	44/1	1.5590	0.3491	सिंचित
23.	विष्णु पिता श्रीराम जाति कुलमी	44/7	0.0240	0.0240	सिंचित
24.	श्रीराम पिता हंसराज जाति कुलमी	40/3/2	0.1010	0.0119	सिंचित
25.	विनोद पिता लालु जाति लोढ़ा	12/2	0.8830	0.1555	सिंचित
26.	अनुबाई पति सोदान सिंह जाति राजपूत	37/1	0.8090	0.0190	सिंचित
27.	मनोज पिता लालु जाति लोढ़ा	12/1	0.8820	0.2987	सिंचित
28.	निर्मलाबाई पति जगदीश जाति बलाई	11/2	0.6070	0.3579	सिंचित
29.	छोग्या पि.कोरिया, गिता पिता-सुकलाल पिता मोता पि.सुकलाल रामसिंग, नरसिंग पि.भूक्कन कालु पि. पिता तुलस्या नन्दा बेवा उमराव रेवाराम शोभाराम पि. पिता जगन्नाथ लक्ष्मी सुदामा पि. जगन्नाथ बाबु पि.उमराव दन्या गन्या मोत्या पि. पेमा काबर बेवा पेमा पिता रमेश पि.रामा, मंगत्या,घिस्या पि.देवचंद काना बेवा पेमा,काबर बेवा देवला, शालु पिता छितर पि.देवला,मांग्या पि.मंगत्या सुकलाल, शम्भू, घिसालाल, ठाकर पि.नत्तू, गुलाब, लक्ष्मण, पिता पि.मंगत्या, भील्या, घिस्या भीका, पुंजा पि.गोपाल, देवला चम्पु पि.शंकर, बाबर, बेवा, माग्या, रूघनाथ पि. आम्या पिता आत्माराम गोविन्द पि.काल्य मैनाबाई बे .काल्या भग्या लक्ष्म्ण,रामा,मोत्या पि. भीका नानी बेवा भीका पिता शान्ता गोयल, श्यामु, बाली बेवा गुलाब, दयाराम गोविन्द, गजान्नद, हंसराज, मंशाराम पि. गुलाब पिता केमला पिता गुलाब जाति बलाई बाल्या पिता पुन्या दशरथ, शिवराम खब्बु पिता हरचन्द पिता शलु पिता गोगल पिता हरचन्द,रामचन्द पिता पुन्या बालु जाति बलाई सीताबाई बेवा गेंदिया,सिंग्या,हिरूबाई पिता-गेंदिय पिता कालीबाई बेवा मांग्या धन्नालाल करण अरुण सुखदेव संजय रुकमणीबाई पितामांग्या चम्पु पिता हरी मकुन्द गणपत शिवा पिता उंकार पिता रमेश प्रकाश राजेश कावेरी रेवा पिता सीताराम रामसिंह श्यामु बालु पि. मत्या शान्ता भूरिया शालु पि. मत्या जाति बलाई	11/1	0.3720	0.1217	सिंचित
30.	शेरसिंह पिता पदमासिंह जाति राजपूत	10/2	0.9840	0.4486	सिंचित
31.	अकलेश पिता गजानंद जाति कुलमी	10/1	1.0110	0.0694	व्यावसायिक
32.	छोटी पिता हंसराज भूरीबाई बेवा हंसराज शिवानी पिता हंसराज सुभाष पिता हंसराज प्रीति पिता हंसराज जाति लोढ़ा	9/1/3	1.1490	0.6171	सिंचित
33.	सरदार पिता जयमल	9/1/2	1.2480	0.0332	सिंचित
34.	जयमल पिता बालु जाति लोढ़ा	9/1/1	0.2530	0.1246	सिंचित
	कुल			**9.7342**	

बड़वाह-धामनोद राज्य राजमार्ग के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर योजना अन्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग मण्डलेश्वर तहसील महेश्वर जिला खरगोन के कार्यालय में किया जा सकता है।

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
हस्ता/- (गुरू प्रसाद)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन, राजस्व विभाग, जिला खरगोन (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/128316/2026